हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 6 अंक 15 धर्मशाला। शनिवार, 28 नवंबर -04 दिसंबर, 2020 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 14 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत् 2077 कुल पृष्ठ 12 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/15-17

कार्तिक पूर्णिमा...

-पढ़ें पेज 2 पर

नमस्कार कांगड़ा

हमारा शहर, हमारे सपने

हमारा शहर, हमारे सपने ये चार शब्द नहीं बल्कि मां बज्रेश्वरी देवी की नगरी के विकास की वह गाथा है, जो आपके प्रयास से शुरू हुई है। हम इन्हीं शब्दों को अपना लक्ष्य मानकर मां बज्रेश्वरी देवी के चरणों में नतमस्तक होते हुए आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमें बस अगर किसी बात की जरूरत है तो वह आपके सहयोग की, आपके आशीर्वाद की। जो आशीर्वाद आप ***पंडित बालकृष्ण शर्मा*** के वक्त से इस परिवार पर बनाए रखते आए हैं, आगे भी वह उसी तरह बना रहेगा हमारा विश्वास ही नहीं बल्कि ये एक हकीकत भी है। कोविड-19 जैसे संकट के दौर के बीच जब आपकी इस बहू-बेटी को शहर की सेवा करने का मौका मिला तो मैं हर बात से अनजान थी, लेकिन घर की चौखट से निकलते ही आपने अंगुली पकड़कर जिस तरह सहारा दिया, उसी के चलते आज हम एक दिशा पकड़ पाए हैं। आप हमारा परिवार हैं, इस नाते आपने हमें जो सुझाव दिए हम उसी तरह आगे बढ़ते चलें। आज मुझे ये कहने की जरूरत नहीं है कि शहर में क्या हो रहा है, ये आप स्वयं देख सकते हैं, बात चाहे शहर की गलियों की हो या नालियों की या फिर सौंदर्यीकरण की हर तरफ हमने कुछ ना कुछ नया किया है। ये तभी संभव हो पाया है, जब आप साथ खड़े दिखे। शहर में हमारे युवा साथी, अपने लिए कुछ चाहते थे तो हमने उस दिशा में भी कदम बढ़ाए, आज हमें ये कहते हुए गर्व महसूस हो रहा है कि शहर बदल रहा है,तो इसके पीछे बस कोई है तो आप और सिर्फ आप। हमें इस बात की भी खुशी है कि हमारे इन प्रयासों को हिमाचल प्रदेश बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष ***मुनीष शर्मा*** ने भी बराबर हाथ बटाने का काम किया, तो इस नाते हमें आर्थिक तौर पर सरकारी मदद में किसी तरह की कमी आड़े नहीं आई। इसी का नतीजा है कि पुराना कांगड़ा स्थित मसीत ग्राउंड में जल्द ही खेलने के लिए बास्केटबॉल कोर्ट की सुविधा हमारे युवा साथियों को मिलेगी। आपसे एक गुजारिश यही रहेगी कि आगे भी हमारा मार्गदर्शन इसी तरह करते रहें, आशीर्वाद बनाएं रखे।

मेरी रंगत-ए-रूखसार हो ये भी है आभार आपका

-कोमल शर्मा, अध्यक्ष,नगर परिषद कांगड़ा

Follow us on

@KomalSharma0155

@KomalSharma0155